मासिक घटनाक्रम संग्रह

कोचिन हवाई अड्डा
विश्व का पहला सौर संचालित हवाई अड्डा

मई 2018

महाथिर मोहम्मद सबसे उम्रदराज प्रधानमंत्री

HindvanshiEducation.com

- ✓ विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी ग्लोबल शहरी वायु प्रदूषण डेटाबेस के अनुसार, 14 भारतीय शहरों को वर्ष 2016 के लिए पीएम 2.5 के कणों के मामले में दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल किया गया।

  इन 14 शहरों में कानपुर, फरीदाबाद, वाराणसी, गया, पटना, आगरा और दिल्ली शामिल हैं।

- ✓ देश के सबसे बड़े ग्लोबल स्किल पार्क की आधारशिला भोपाल, मध्य प्रदेश में कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री द्वारा रखी गई।

  इसे सिंगापुर स्थित तकनीकी शिक्षा और शिक्षा सेवा संस्थान के सहयोग से स्थापित किया जाएगा।

  ग्लोबल स्किल पार्क का मुख्य उद्देश्य युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी पाने में समर्थ बनाना है।

- ✓ केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय समावेश और सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकारी प्रतिबद्धता के अंतर्गत प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के तहत निवेश सीमा को 7.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दी है ।

  इस योजना का लाभार्थी 60 वर्ष या उससे अधिक का भारतीय नागरिक होगा।

- ✓ आपदा रेजिएंटल इंफ्रास्ट्रक्चर गठबंधन” की सिफारिश हेतु पूर्व विदेश मंत्रालय के सचिव प्रीति सरन की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

- ✓ स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत को पांचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्च वाला देश माना गया है।

  इस सूची में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राज्य अमेरिका को विश्व का सबसे बड़ा सैन्य खर्च वाला देश घोषित किया गया।

- ✓ ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म ए टी केर्नी द्वारा जारी एफडीआई कॉन्फिडेंस इंडेक्स 2018 में भारत को 11 वां स्थान प्रदान किया गया है जबकि वर्ष 2017 में भारत को आठवां स्थान प्रदान किया गया था।

  यह एक वार्षिक सर्वेक्षण है जो एफडीआई वरीयताओं पर राजनीतिक, आर्थिक और नियामक परिवर्तनों के प्रभाव को ट्रैक करता है।

- ✓ केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के हितों हेतु “पार्टी पॉपर्स” के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया।

  पॉपर्स, आम तौर पर पार्टियों और अन्य उत्सवों में उपयोग किए जाते हैं।

  पार्टी पॉपर्स में मुख्य रूप से रसायनों के रूप में लाल-फॉस्फोरस, पोटेशियम क्लोराइट और पोटेशियम परक्लोराइट

हिन्दवंशी

का इस्तेमाल किया जाता है।

- महाराष्ट्र डिजिटल हस्ताक्षरित भूमि रिकॉर्ड रसीदें उपलब्ध कराने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है।

  इन रसीदों को 7/12 रसीदें भी कहा जाता है जो मुख्यतः लोन आवेदन करते समय किसानों द्वारा उपयोग की जाती है।

- नीति आयोग ने किसानों को वास्तविक समय पर फसल उपज के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के क्रम में बहुराष्ट्रीय कंपनी आईबीएम के साथ समझौता किया।

  इस समझौते के तहत आईबीएम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर फसल उपज पूर्वानुमान मॉडल विकसित करेगा।

  इस मॉडल के माध्यम से किसानों को मिट्टी की पैदावार, फसल उत्पादकता में सुधार तथा कृषि आय में बढ़ोतरी का प्रयास किया जाएगा।

- वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अंतर्गत पंजाब सरकार ने भारत और पाकिस्तान में पाई जाने वाली दुनिया की सबसे दुर्लभ स्तनधारियों में से एक "सिंधु डॉल्फिन" की संगठित जनगणना का आयोजन किया।

  इस संगठित जनगणना का मुख्य उद्देश्य सिंधु डॉल्फिन प्रजाति को संरक्षित करना है।

- तुर्की का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र (अक्कुयु न्यूक्लियर पावर प्लांट) रूस की मदद से विकसित किया गया।

- 15 वां प्रवासी भारतीय दिवस 21 जनवरी से 23 जनवरी 2019 तक वाराणसी में आयोजित किया जाएगा।

- केंद्र सरकार के द्वारा गैल्वेनाइजिंग ऑर्गेनिक बायो एग्रो रिसोर्स धन (गोबर-धन) योजना की शुरुआत की गई।

  गोबर-धन योजना द्वारा सरकार भारतीय गांवों में रहने वाले ग्रामीणों के जीवन में सुधार करने और खुले में शौच से गांवो को मुक्त करने का प्रयास कर रही है।

  इस योजना के तहत, गोबर और खेतों के ठोस अपशिष्ट (कचरे) को बायोगैस और बायो-सीएनजी के रूप में ईंधन और खाद में बदला जाएगा।

- केंद्र सरकार ने अपनी अधिसूचना में केंद्रीय मोटर वाहन (संशोधन) नियम 2017 के तहत भारत स्टेज 4 के अनुरूप मोटर वाहन पंजीकरण की तिथि जारी की।

हिन्दवंशी

इस अधिनियम के अनुसार 30 जून 2020 के उपरांत केवल बीएस-VI के अनुरूप वाहन पंजीकृत होंगे।

इससे पूर्व केंद्र सरकार ने अप्रैल 2018 तक नई दिल्ली और अप्रैल 2020 तक पूरे भारत में भारत स्टेज 4 वाहन पंजीकरण की अंतिम तिथि घोषित की थी।

- ✓ 15 वे एशियाई मीडिया शिखर सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा।

  इसका उद्देश्य प्रसारकों के बीच प्रसारण और सूचना पर अपने विचार साझा करने का अवसर प्रदान करना है।

- ✓ जापान में तोहोकु विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा की सतह के नीचे बर्फ के प्रचुर मात्रा में छिपे हुए भंडार की उपस्थिति को इंगित करते हुए, एक चंद्र उल्कापिंड में मोगानाइट नामक खनिज की खोज का दावा किया।

  उत्तर पश्चिमी अफ्रीका में एक रेगिस्तान में खोजा गया यह खनिज चंद्रमा की भविष्य की मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी हो सकता है।

- ✓ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच चीन के हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान में आयोजित की गई अनौपचारिक बैठक के बाद दोनों देशों की सेनाओं के मध्य हॉटलाइन स्थापित किये जाने की घोषणा की गई है।

- ✓ भारतीय सेना की दक्षिण- पश्चिमी कमान की ओर से बीकानेर स्थित महाजन रेंज में विजय प्रहार युद्धाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है।

  इस युद्धाभ्यास के द्वारा वायु व थल सेना के संयुक्त ऑपरेशन में लड़ाकू विमान, टैंक व तोपों के साथ वास्तविक खुफिया सूचनाएं, चौकसी व गहन सर्वेक्षण का संयोजन स्थापित किया जा रहा है।

- ✓ राज्यसभा में हंगामा कर सदन की कार्यवाही को बाधित करने वाले सांसदों और राजनीतिक दलों पर नकेल कसने के लिए सभापति वैंकेया नायडू ने राज्यसभा के कंडक्ट ऑफ बिज़नेस में ज़रूरी बदलाव पर विचार करने के लिए वी के अग्निहोत्री समिति के गठन का ऐलान किया।

- ✓ कनाडा के यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो जे अनुसंधानकर्ताओं ने पहली बार पोर्टेबल त्रिआयामी (थ्रीडी) स्किन प्रिंटर विकसित किया है जो जख्मों को चंद मिनटों में भरने के लिए उत्तकों की परतें उन पर चढ़ा सकता है।

- ✓ मणिपुर सरकार ने पश्चिमी इंफाल जिले के कोमलाखोंग ग्राम पंचायत से 'गो टू विलेज' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

  इस कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार योग्य लाभार्थियों की पहचान कर सरकारी सेवाओं को उनके द्वार तक पहुंचाने का प्रयास करेगी।

हिन्दवंशी

- ✓ बीजापुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन धन विकास केंद्र का शुभारंभ किया।

  इन विकास केंद्रों पर जनजातीय युवाओं को इमली, महुआ भंडारण, कलौंजी की साफ़-सफाई एवं पैकेजिंग की ट्रेनिंग देने के साथ साथ प्राथमिक प्रसंस्करण इकाई एवं फसलों के मूल्य वर्धन से सम्बंधित जानकारी दी जाएगी।

  इस परियोजना के तहत अग्रिम चरणों में लगभग 3000 विकास केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

- ✓ संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और P(5+1) देशों के बीच ऐतिहासिक 2015 ईरान परमाणु समझौते से अलग होने संबंधी प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए।

- ✓ मलेशिया के महाथिर मोहम्मद (92 वर्षीय) 14 वें आम चुनाव के बाद मलेशिया के प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने वाले विश्व के सबसे उम्र दराज प्रधानमंत्री बन गए।

- ✓ 11 मई 1998 को पोखरान, राजस्थान में आयोजित ऑपरेशन शक्ति परमाणु परीक्षण की सालगिरह के तौर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस प्रतिवर्ष 11 मई को आयोजित किया जाता है।

  वर्ष 2018 के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का विषय 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' है।

- ✓ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने बजट की बाधाओं और विज्ञान बजट के भीतर कुछ प्राथमिकताओं के कारणों का हवाला देते हुए नासा के 'कार्बन निगरानी प्रणाली कार्यक्रम' को रद्द करने के आदेश जारी किए।

  कार्बन और मीथेन गैस के ग्लोबल वार्मिंग में योगदान को ट्रैक करने के लिए नासा ने प्रतिवर्ष 10 मिलियन डॉलर का कार्बन निगरानी प्रणाली कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया था।

- ✓ वैज्ञानिकों ने ओडिशा के केंडुजर जिले में दुनिया की दूसरी सबसे पुरानी चट्टान की खोज का दावा पेश किया जो अनुमानित 4240 मिलियन वर्ष पुरानी है।

  वर्तमान समय में दुनिया की सबसे पुरानी चट्टान जैक हिल, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में खोजी गई है जो 4,400 मिलियन वर्ष पुराना है।

- ✓ टैक्सी सेवा प्रदाता कंपनी उबेर (UBER) ने फ्लाइंग कार के विकास की संभावनाएं तलाशने के लिए अमेरिका के प्रमुख अंतरिक्ष संगठन नासा (NASA) से समझौता किया है।

- ✓ भारत के ई-कॉमर्स सेक्टर में सबसे बड़े समझौते के रूप में अमेरिकी रिटेल कंपनी वॉलमार्ट ने ई-कॉमर्स कंपनी

हिन्दवंशी

फ्लिपकार्ट को खरीदने का निर्णय लिया है।

फ्लिपकार्ट के निवेशक सॉफ्टबैंक द्वारा वॉलमार्ट को उसकी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची जाएगी।

✓ बिहार सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) के उम्मीदवारों को क्रमश: 1 लाख रुपये और 50,000 रुपये देने की घोषणा की है।

✓ चीन ने वायु प्रदूषण की निगरानी के लिए दुनिया के पहले 'फुल-स्पेक्ट्रम हाइपर स्पेक्ट्रल इमेजिंग उपग्रह' का सफल प्रक्षेपण किया।

✓ बांग्लादेश का पहला संचार उपग्रह बांगबंधू-1 कैनेडी स्पेस सेंटर लॉन्च कॉम्प्लेक्स से स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया।

यह बांग्लादेश में प्रसारण और संचार सेवा उपलब्ध कराएगा।

✓ मई 2018 में 'रेमिटस्कोप – प्रेषण बाजार और अवसर – एशिया और प्रशांत' रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017 में लगभग $69 बिलियन के साथ भारत प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में शीर्ष स्थान पर है जबकि चीन $64 बिलियन के साथ द्वितीय स्थान पर रहा।

✓ नई और नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पवन-सौर हाइब्रिड नीति जारी की है।

इस परियोजना के माध्यम से केंद्र सरकार ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए पवन-सौर फोटोवोल्टिक हाइब्रिड सिस्टम की रूपरेखा तैयार कर रही है।

✓ दिल्ली डेयरडेविल्स के बल्लेबाज़ ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक (128) व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए।

✓ चीन के शीर्ष राज्य संचालित चीनी बैंक “औद्योगिक और वाणिज्यिक बैंक ऑफ चाइना” ने भारतीय मुद्रा को समर्पित और सार्वजनिक रूप से प्रस्तावित निवेश निधि ‘औद्योगिक और वाणिज्यिक बैंक क्रेडिट सुइस इंडिया मार्केट फंड’ का शुभारंभ किया।

हिन्दवशी

- ✓ केंद्र सरकार ने देश का प्रथम पूर्णतया महिला टीम द्वारा संचालित डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र फागवाड़ा, पंजाब में स्थापित किया।

  डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र विदेश मंत्रालय और डाक विभाग के नेतृत्व में सरकारी पहल है, जहां प्रमुख डाकघरों का उपयोग नागरिकों को पासपोर्ट से संबंधित सेवाओं के वितरण के लिए किया जाता है।

- ✓ सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वरी पाठक को एशिया के विकास में उनके योगदान के लिए जापान के निकेकी एशिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

  बिंदेश्वरी पाठक को यह पुरस्कार देश की दो सबसे बड़ी चुनौतियां स्वच्छता और भेदभाव से निपटान के लिए एक सामाजिक सुधारक के रूप में प्रदान किया गया।

- ✓ विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 2023 तक वैश्विक खाद्य आपूर्ति से औद्योगिक रूप से उत्पादित कृत्रिम ट्रांस वसा को खत्म करने के लिए 'रिप्लेस' नामक योजना शुरू की है।

- ✓ राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा मुंबई, महाराष्ट्र स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में देश के प्रथम एकीकृत प्रबंधन केंद्र का शिलान्यास किया गया।

  यह केंद्र रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु आपात स्थिति के दौरान अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में सक्षम होगा।

- ✓ भारत ने राष्ट्रीय पोषण अभियान के लिए विश्व बैंक के साथ 200 मिलियन डॉलर के ऋण पत्र पर हस्ताक्षर किए।

- ✓ दूरसंचार विभाग ने टेलीनोर इंडिया व भारती एयरटेल के विलय को मंजूरी दे दी।

- ✓ काठमांडू, नेपाल बिम्सटेक 2018 की मेजबानी करेगा।

- ✓ आईआईएम-अहमदाबाद सेंटर इन इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेनरशिप (IIM-CIIE) ने वित्तीय समावेशन, आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में ज्ञान, नवाचार और उद्यमिता विकसित करने के लिए भारत समावेश पहल शुरू की है।

- ✓ मेरिकॉम कम्युनिकेशन द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत को सौर ऊर्जा के बाजार के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के उपरांत तृतीय स्थान प्रदान किया गया।

हिन्दवंशी

- ✓ केंद्रीय पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए "ग्रीन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम" (हरित कौशल विकास कार्यक्रम) का आयोजन किया गया।

  इसके तहत सरकार 30 अलग-अलग पाठ्यक्रम के जरिए 2021 तक 5.5 लाख युवाओं का स्किल डेवलपमेंट करेगी।

- ✓ आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत नाबार्ड में समर्पित माइक्रो सिंचाई फंड की स्थापना के लिए 5000 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी।

  इस परियोजना के तहत माइक्रो सिचाई फंड का आवंटन वर्ष 2018-19 और 2019-20 में 2,000 करोड़ रुपये और 3,000 करोड़ रुपये की किस्तों में किया जाएगा।

- ✓ स्वच्छ भारत अभियान के तहत किये गए सर्वेक्षण में इंदौर लगातार दूसरी बार सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया।

- ✓ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, संयुक्त राज्य अमेरिका सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (यूएस-एसईसी) द्वारा नामित ऑफशोर सिक्योरिटीज मार्केट (DOSM) के रूप में नामित होने वाला पहला भारतीय विनिमय बन गया।

  इस व्यवस्था के उपरांत मुंबई स्टॉक एक्सचेंज को अमेरिकी निवेशकों को प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए USA सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन से अनुमति लेना आवश्यक नहीं होगा।

- ✓ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत झारखंड के देवघर में एक नई अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

  यह संस्थान क्षेत्र में सुपर स्पेशलिस्ट हेल्थकेयर सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के संस्थानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

- ✓ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सिहोर, मध्य प्रदेश में "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान" की स्थापना को सहमति प्रदान की।

  यह संस्थान मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास के क्षेत्र में देश का प्रथम संस्थान है।

  इस संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के पुनर्वास के साथ-साथ उन्नत अनुसंधान की सुविधाएं प्रदान करना है।

- ✓ केंद्र सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र के रुप में गांधीनगर, गुजरात में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी की स्थापना की है।

हिन्दवंशी

- ✓ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा उत्तम पचार्ने को ललित कला अकादमी के नियमित अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।

- ✓ यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति ने 600 वर्ष पुराने वालड सिटी ऑफ अहमदाबाद को विश्व धरोहर सिटी के रूप में मान्यता प्रदान की।

  यह प्रथम अवसर है, जब किसी भारतीय शहर को विश्व धरोहर सिटी से सम्मानित किया गया।

- ✓ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय सामरिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड और संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के बीच ऑयल स्टोरेज एंड मैनेजमेंट समझौता किया।

  इस समझौते के तहत तीन भंडारण केंद्र, दक्षिण भारत के विशाखापट्टनम, मैंगलोर और पदुर में स्थापित किए जाएंगे।

- ✓ भारत के सबसे बड़े कमोडिटी एक्सचेंज प्लेटफार्म, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने दुनिया के प्रथम पीतल वायदा अनुबंध का शुभारंभ किया।

- ✓ जॉर्डन में सहारा वन परियोजना का शुभारंभ किया गया।

  यह परियोजना सूर्य प्रकाश और समुद्री जल का उपयोग कर रेगिस्तानी भूमि को कृषि भूमि में तब्दील करने का कार्य करेगी।

  यह परियोजना नॉर्वे और यूरोपियन संघ द्वारा संयुक्त रुप से वित्त पोषित है, जिसका मुख्य उद्देश्य नवीनीकरण ऊर्जा का उपयोग कर रेगिस्तान में वनस्पति क्षेत्रों को विकसित करना है।

- ✓ भारतीय निशानेबाज हिना सिद्धू ने हैनोवर अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता (आइएससीएच) में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।

- ✓ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री ने काठमांडू में अरुण नदी पर बनने वाली अरुण-3 पनबिजली परियोजना की आधारशिला रखी।

- ✓ पेशावर की रहने वालीं 24 साल की मनमीत कौर पाकिस्तान की पहली सिख महिला पत्रकार हैं।

हिन्दवंशी

- ✓ आसियान फिल्म महोत्सव-2018 नई दिल्ली के सीरी फोर्ट सभागार में आयोजित किया जाएगा।

- ✓ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुणे, महाराष्ट्र में विश्वनाथ कराड एमआईटी विश्व शांति विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया।

- ✓ भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पूर्व "मॉडल आचार संहिता उल्लंघन रिपोर्टिंग" नामक एक बहुभाषीय मोबाइल एप्लीकेशन सेवा का शुभारंभ किया।

  ऐप का उद्देश्य देश भर के लोगों को राजनीतिक दलों, उनके उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं द्वारा सीधे चुनाव आयोग के साथ कदाचार के प्रमाण साझा करने के लिए सशक्त बनाना है।

- ✓ राजस्थान सरकार ने सरकारी अस्पतालों में टेलीमेडिसिन सेवाओं की निगरानी और मजबूती के लिए "निदान" नामक एक नया सॉफ्टवेयर लॉन्च किया है।

  यह सॉफ्टवेयर मौसमी और गैर-संक्रमणीय बीमारियों के साथ-साथ विशिष्ट क्षेत्रों में पाए जाने वाले बीमारियों के रुझानों के अनुमानित निदान प्रदान करने में मदद करेगा।

- ✓ कोलकाता स्थित अंजलि चटर्जी क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में भारत के प्रथम कृत्रिम विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया।

  यह प्रयोगशाला वायरल बीमारियों के लिए होम्योपैथी में नई दवाओं और तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

- ✓ न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्टेसी कनिंगहैम के रूप में पहली बार किसी महिला को मुख्य अधिकारी के रूप में चयनित किया गया है।

- ✓ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इम्फाल, मणिपुर में देश के पहले राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए एक अध्यादेश को मंजूरी दे दी।

  यह विश्वविद्यालय विज्ञान, खेल प्रौद्योगिकी, उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में देश के खेल पर्यावरण में मौजूद अंतर को कम करेगा।

- ✓ पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में पहले शंघाई सहयोग संगठन-क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना (SCO-RATS) बैठक की मेजबानी की।

  इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में आतंकवादी खतरों से संबंधित मुद्दों और उन पर काबू पाने के तरीकों पर चर्चा

हिन्दवशी

करना था।

- ✓ रूस ने 'एकेडेमिक लोमोनोसोव' नामक विश्व का पहला तैरता हुआ परमाणु ऊर्जा संयंत्र लॉन्च किया।

- ✓ भारतीय मूल के नेता गोबिंद सिंह देव मलेशिया में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने वाले अल्पसंख्यक सिख समुदाय के पहले शख्स बन गए हैं।

- ✓ पोलैंड की साहित्यकार ओल्गा टोकर्कज़ुक ने उपन्यास 'फ्लाइट्स' के लिए प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मैन बुकर पुरस्कार जीता।

- ✓ वैश्विक पवन उर्जा सम्मेलन का प्रथम संस्करण जर्मनी के हैम्बर्ग में आयोजित किया जाएगा।

- ✓ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नेपाल को संक्रामक बैक्टीरिया संक्रमण ट्रेकोमा को समाप्त करने के उसके प्रयासों को मान्यता प्रदान की।

  इसी के साथ नेपाल दक्षिण पूर्व एशिया का प्रथम देश बन गया, जहां संक्रामक बैक्टीरिया संक्रमण "ट्रेकोमा" को सफलतापूर्वक हराया जा सका।

हिन्दवंशी

- ✓ अरुणाचल प्रदेश स्थित एनजीओ सिंगचुंग बगुन कम्युनिटी ने "वन्यजीव प्रजातियों के संरक्षण" श्रेणी में भारत जैव विविधता पुरस्कार 2018 जीता।

- ✓ विश्व बैंक द्वारा समर्थित स्वच्छ भारत विज्ञापन अभियान को फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार द्वारा नई दिल्ली में लॉन्च किया गया।

- ✓ चीन ने जापान को 3-1 से पराजित कर पुरुषों की विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता थॉमस कप का खिताब जीत लिया।

- ✓ भारतीय रिजर्व बैंक ने सुधा बालकृष्णन को पहला मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) नियुक्त किया है।

- ✓ 15 वे वित्त आयोग द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के संतुलित विस्तार हेतु रणदीप गुलरिया समिति का गठन किया गया।

यह समिति स्वास्थ्य क्षेत्र के मौजूदा नियामक ढांचे का मूल्यांकन करेगी।

- ✓ भारत-नेपाल संयुक्त सैन्य अभ्यास का तेरहवां संस्करण पिथौरागढ़, उत्तराखंड में आयोजित किया जाएगा।

- ✓ भारत का पहला और सबसे लंबा रोपवे (8 किलोमीटर लंबा) मुंबई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा एलीफेंटा द्वीप के साथ मुंबई को जोड़ने के लिए बनाया गया है।

- ✓ नीति आयोग ने सुशांत सिंह राजपूत के साथ महिला उद्यमिता प्लेटफार्म पहल का सहयोग और समर्थन करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

- ✓ भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ नागरिकों को चेतावनी भेजने हेतु समझौता किया।

  इस समझौते के तहत भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और बीएसएनएल संयुक्त रूप से क्षेत्र विशेष के नागरिकों को मौसम की स्थिति की जानकारी प्रदान करेंगे।

- ✓ कोलंबिया ने औपचारिक रूप से उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के वैश्विक भागीदार के रूप में शामिल होने की घोषणा की।

  इसी के साथ कोलंबिया नाटो में शामिल होने वाला प्रथम लैटिन अमेरिकी देश बन गया।

- ✓ संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने केरल में कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे लिमिटेड (CIAL) को दुनिया का पहला पूर्ण सौर ऊर्जा संचालित हवाई अड्डा स्वीकृत किया है।

- ✓ पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मेघालय के गारो हिल्स में हाथियों की रक्षा के लिए एक जागरूकता अभियान 'गज यात्रा' शुरू किया।

  यह कार्यक्रम वन विभाग के सहयोग से भारत के वन्यजीवन ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया।

  यह अभियान 18 माह की अवधि के लिए आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य 12 हाथी रेंज राज्यों में हाथियों की रक्षा करना है।

- ✓ चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी टी-20 क्रिकेट में 150 मैच जीतने वाले पहले कप्तान बन गए हैं।

हिन्दवंशी

- ✓ इंडोनेशिया ने भारत को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सबांग बंदरगाह के आर्थिक और सैन्य इस्तेमाल की मंजूरी दी है।

  भारत अंडमान निकोबार द्वीप समूह से 710 किलोमीटर दूर स्थित इस बंदरगाह के आर्थिक जोन में निवेश करेगा।

- ✓ मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति द्वारा वरिष्ठ राजनयिक पंकज सारण को 2 वर्ष के लिए उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

  वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की सहायता करेंगे।

- ✓ केंद्र सरकार ने राजस्थान में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए विश्व बैंक से 21.7 मिलियन डॉलर का वित्तीय समझौता किया है।

  31 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इस वित्तीय प्रबंधन परियोजना में 21.7 मिलियन डॉलर विश्व बैंक द्वारा प्रदत्त किया जाएगा और शेष राशि राज्य के बजट से वित्त पोषित किया जाएगा।

HindvanshiEducation.com